## पटना-मुजफ्फरपुर में 23 करोड़ रुपये से बनेंगी सड़कें

# कंकड़बाग रोड नंबर 2 से 4 तक की सड़क होगी चौड़ी

- पथ निर्माण विभाग ने दो सड़कों की दी प्रशासनिक मंजूरी
- पटना में 6.67 व मुजफ्फरपुर में 16 करोड़ से निर्माण होगा
- मुजफ्फरपुर से पटना जाने वाले लोगों को होगी सहूलियत



**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पटना और मुजफ्फरपुर में रोड कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए पथ निर्माण विभाग ने दो परियोजनाओं की मंजूरी दी है। 23 करोड़ से इन सड़कों का जीर्णोद्धार, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होगा। पटना में 6.67 करोड़ और मुजफ्फरपुर में 16.40 करोड़ से सड़कों का निर्माण होगा।

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना के कंकड़बाग रोड नंबर दो से कंकड़बाग रोड नंबर चार वाया केन्द्रीय विद्यालय तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 6.68 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी है। कंकड़बाग पटना की घनी आबादी वाले इलाकों में से एक है। ऐसे में शहरवासियों को सुविधाजनक आवागमन मिले, इसके लिए सरकार कंकड़बाग को लगातार व्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है।

वहीं, मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर पावर हाउस चौक से सकरी पथ में कार्य के लिए 16.40 करोड़ के अनुमानित व्यय पर प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। माड़ीपुर पावर हाउस चौक से सकरी तक सड़क के जीर्णोद्धार से मुजफ्फरपुर से पटना जाने वाले लोग इसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग कर पाएंगे।